संख्या-417/2022/1320/41-2022-180-(बजट)/2019 टी0सी0

प्रेषक,

मुकेश कुमार मेश्राम,
प्रमुख सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
पर्यटन, उ0प्र0
लखनऊ।

पर्यटन अनुभाग **लखनऊ, दिनांक 06 जुलाई, 2022**

विषयः-जनपद प्रयागराज के श्रंगवेरपुर धाम में निषादराज पार्क (फेज-1) का पर्यटन विकास कराये जाने हेतु उच्च विशिष्ट कार्यों के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या-971/6-1-1 (990)/2022-23, दिनांक 13 मई, 2022 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा जनपद प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर धाम में निषादराज पार्क (फेज-1) का पर्यटन विकास कराये जाने हेतु उच्च विशिष्ट कार्यों के सम्बन्ध में मा0 मंत्रिपरिषद का अनुमोदन प्राप्त करने हेतु प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

2. उल्लेखनीय है कि पर्यटन विभाग द्वारा प्रदेश के विभिन्न पर्यटन स्थलों एवं पर्यटन गन्तव्यों के समन्वित एवं सुनियोजित पर्यटन विकास हेतु अनेक कार्य कराये जा रहे हैं। पर्यटन विकास की इन परियोजनाओं हेतु राज्य सेक्टर के अन्तर्गत प्रदेश सरकार से बजट व्यवस्था के माध्यम से प्रतिवर्ष धनराशि प्राप्त होती है। इसके अतिरिक्त पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा स्वदेश दर्शन स्कीम एवं प्रासाद स्कीम के अन्तर्गत भी धनराशि प्राप्त होती है।

3- जनपद प्रयागराज में श्रृंगवेरपुर धाम निषादराज पार्क का ऐतिहासिक, धार्मिक व पुरातात्विक महत्व है। मॉ गंगा के तट पर श्रृंगवेरपुर धाम माता शान्ता एवं श्रृंगी ऋषि की तपोभूमि है। महाराजा दशरथ के पुत्रेष्टि यज्ञ का पौरोहित्य महर्षि श्रृंगी ने किया था। वन गमन के समय मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम ने भगवती सीता अनुज लक्ष्मण जी के साथ आश्रम में रात्रिवास किया तथा दूसरे दिन निषादराज ने अपनी नौका से उन्हें गंगा पार पहुॅचाया था।

4- जनपद प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर धाम में निषादराज पार्क (फेज-1) के निर्माण हेतु पर्यटन विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के शासनादेश संख्या-282/2020/2477/41-2020-180(बजट)/2019, दिनांक 26-11-2020 द्वारा रू0 1449.04 लाख की प्रशासकीय एवं प्रथम किश्त रूप में रू0 225.00 लाख, एवं शासनादेश संख्या 165/2022/740/41-2022-180(बजट)/2019, दिनांक 25.03.2022 द्वारा द्वितीय किश्त के रूप में रू0 119.98 लाख की धनराशि स्वीकृत की गयी है। प्रायोजना रचना एवं मूल्यांकन प्रभाग द्वारा परियोजना (फ़ेज-1) की पुनरीक्षित विस्तृत प्राक्कलन की धनराशि रू0 1313.16 लाख मूल्यांकित की गयी है। उक्त पुनरीक्षित धनराशि रू0 1313.16 लाख में से उच्च विशिष्टियों वाले कार्य जैसेः-स्टोन वर्क वॉल लाईनिंग, आरनामेन्टल स्टोन वर्क फॉर वाल लाईनिंग, आरनामेन्टल स्टोन वर्क फॉर आर्च डिजाइन, ग्रेनाइट फ्लोरिंग, स्टोन वर्क इन कूपिंग, स्टोन क्लेडिंग, मकराना स्टोन फ्लोरिंग, ग्रेनाइट कोबल आदि कार्यो की अनुमानित लागत रू0 368.19 लाख (जी0एस0टी0, सेन्टेज और लेबर सेस सहित) है।

5- उपरोक्त के दृष्टिगत जनपद प्रयागराज में श्रृंगवेरपुर धाम निषादराज पार्क के पर्यटन विकास हेतु उत्तर प्रदेश लोक निर्माण विभाग प्रयागराज परिक्षेत्र के शिड्यूल आफ रेट्स वर्ष-2020 तथा डी0एस0आर0

वर्ष-2021 के आधार पर किया गया है। जो दरें इसमें उपलब्ध नही हैं उन हेतु बाजार दरों को एस0ओ0आर0/डी0एस0आर0 के स्कैल्टन में प्रयुक्त करते हुए एनलाईज्ड दरों के आधार पर किया गया है। उपरोक्त प्रस्तर-4 में उल्लिखित कार्यो हेतु उ0प्र0 प्रोजेक्ट कारपोरेशन लिमिटेड को कार्यदायी संस्था नामित किया गया है। प्रायोजना का निर्माण कार्य 19 मार्च, 2021 से प्रारम्भ किया गया है। जनपद प्रयागराज में श्रृंगवेरपुर धाम निषादराज पार्क (फ़ेज-1) के निर्माण हेतु उच्च विशिष्ट कार्य जैसे:- स्टोन वर्क वॉल लाईनिंग, आरनामेन्टल स्टोन वर्क फॉर वाल लाईनिंग, आरनामेन्टल स्टोन वर्क फॉर आर्च डिजाइन, ग्रेनाइट फ्लोरिंग, स्टोन वर्क इन कूपिंग, स्टोन क्लेडिंग, मकराना स्टोन फ्लोरिंग, ग्रेनाइट कोबल आदि हेतु रू0 368.19 लाख (जी0एस0टी0, सेन्टेज और लेबर सेस सहित) की धनराशि से कार्य कराया जाना है।

6- इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त जनपद प्रयागराज के श्रृंगवेरपुर धाम में निषाद राज पार्क (फेज-1) के पर्यटन विकास हेतु उच्च विशिष्ट कार्य जैसे- स्टोन वर्क वॉल लाईनिंग, आरनामेन्टल स्टोन वर्क फॉर वाल लाईनिंग, आरनामेन्टल स्टोन वर्क फॉर आर्च डिजाइन, ग्रेनाइट फ्लोरिंग, स्टोन वर्क इन कूपिंग, स्टोन क्लेडिंग, मकराना स्टोन फ्लोरिंग, ग्रेनाइट कोबल आदि हेतु रू0 368.19 लाख (जी0एस0टी0, सेन्टेज और लेबर सेस सहित) की धनराशि से कार्य कराये जाने की स्वीकृति इस शर्त के अधीन प्रदान की जाती है कि क्रियान्वयन से पूर्व कार्यदायी संस्था द्वारा इन कार्यों हेतु एक प्रतिस्पर्धात्मक आधार पर दरें प्राप्त कर निर्माण कार्य सुसंगत वित्तीय नियमों के आधार पर किया जायेगा।

कृपया तदनुसार प्रकरण में अग्रतर कार्यवाही सुनिश्चित कर शासन को तत्काल अवगत कराने का कष्ट करें।

भवदीय,

(मुकेश कुमार मेश्राम)
प्रमुख सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- मुख्य सचिव, उ0प्र0 शासन।
2- अपर मुख्य सचिव, मा0 मुख्यमंत्री, उ0प्र0।
3- **अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव-**
न्याय विभाग/वित्त विभाग/लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 शासन।
4- निजी सचिव, मा0 मंत्री, पर्यटन विभाग, उ0प्र0 शासन।
5- आयुक्त प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
6- जिलाधिकारी, प्रयागराज।
7- उप निदेशक, पर्यटन निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ।
8- क्षेत्रीय पर्यटक अधिकारी,प्रयागराज मण्डल, प्रयागराज।
9- वेब अधिकारी, पर्यटन विभाग।
10- गार्ड-फाइल।

आज्ञा से,

(संजीव कुमार श्रीवास्तव)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in